# रोजगार देने और नए उद्योग लगाने में यूपी टॉप-5 में

**NBT रिपोर्ट, लखनऊ :** रोजगार सृजन और उद्योगों की संख्या के मामले में उत्तर प्रदेश देश के टॉप-5 राज्यों में शामिल हो गया है। इसका खुलासा वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक यूपी में रोजगार में 5.92% की वृद्धि दर्ज की गई है। यूपी में 2014-15 से 2023-24 के बीच 57 लाख से अधिक नौकरियां मिली हैं। रोजगार के मामले में यूपी, तमिलनाडु, गुजरात, महाराष्ट्र और कर्नाटक के साथ टॉप-5 राज्यों में शामिल हुआ है। पूरे देश में रोजगार के मामले में यूपी की भागीदारी 8% रही।

**प्रदेश में उद्योगों का तेजी से विस्तार :** रिपोर्ट के अनुसार कुल फैक्ट्रियों की संख्या में भी उत्तर प्रदेश का हिस्सा 8.51% है, जिससे यह देशभर में चौथे स्थान पर है। रिपोर्ट के अनुसार, सकल मूल्य वर्धन में 2023-24 में 11.89% की बढ़त दर्ज की गई है। इसमें उत्तर प्रदेश की भागीदारी 7% रही है। औद्योगिक उत्पादन में 5.80% से अधिक वृद्धि हुई।